
**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 26.05.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",हिंदुस्तान,सन्देश वाहक,तरुण मित्र,आई नेक्स्ट, " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## हिन्दुस्तान –दि0 26.05.2026

### कल्लीपुर के किसान प्रतीक जैन का सम्मान



वाराणसी। कल्लीपुर के किसान प्रतीक जैन ने वीडीए को दस एकड़ जमीन भूमि पूलिंग में दी है। सोमवार को कमिश्नर कार्यालय में मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने उन्हें सम्मानित किया। कल्लीपुर स्थित आनंद काशी परियोजना में अब तक 32 किसानों से भूमि पुलिंग के अंतर्गत 27 एकड़ जमीन ली गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने भूमि पूलिंग नीति पर प्रकाश डाला। वीडीए आनंद काशी, रुद्र विहार और स्पोर्ट्स सिटी विकसित करेगा।

## संदेश वाहक –दि0 26.05.2026

### लैंड पूलिंग से बदल रही वाराणसी जनपद के विकास की तस्वीर

संदेश वाहक न्यूज

- खेती से समृद्धि तक बढ़ा रहा जनपद का सम्मान



वाराणसी। विकास प्राधिकरण द्वारा आनंद काशी कल्लीपुर, रुद्र विहार ,मढ़नी एवं स्पोर्ट्स सिटी गंजारी जैसी महत्वाकांक्षी टाउनशिप परियोजनाओं के विकास हेतु भूमि पूलिंग नीति को अपनाया गया है। यह नीति किसानों को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाकर शहर के सुनियोजित विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। भूमि पूलिंग नीति के अंतर्गत 10 एकड़ से कम भूमि देने वाले किसानों को विकसित भूमि का 30 प्रतिशत तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि देने वाले किसानों को विकसित भूमि का 50 प्रतिशत वापस किया जाता है। प्रारंभिक चरण में किसानों में इस नीति को लेकर कुछ संकोच थाए लेकिन समय के साथ इसके लाभ समझने के बाद अब बड़ी संख्या में किसान इससे जुड़ रहे हैं। यह नीति भूमि अधिग्रहण के बजाय किसानों को विकास का भागीदार बनाती हैए जिससे सरकार और किसानों दोनों के लिए विनविन स्थिति बनती है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि किसानों की भूमि का भू.उपयोग स्वतः कृषि से आवासीय में परिवर्तित हो जाता हैए जिससे उनकी भूमि का मूल्य कई गुना बढ़ जाता है। विकसित भूखंड की कीमत मूल कृषि भूमि की तुलना में कहीं अधिक हो जाती है। भूमि पूलिंग नीति के माध्यम से भूमि अधिग्रहण संबंधी विवादों में कमी आएगी तथा किसानों को उनकी भूमि का दीर्घकालिक और अधिक लाभकारी मूल्य प्राप्त होगा। विकसित क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी, विद्युत, पार्क एवं अन्य आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। यह मॉडल किसानों को केवल मुआवजा प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि शहर के विकास का भागीदार बनाता है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगारए व्यापार एवं निवेश के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। यह नीति वाराणसी के सुनियोजितए आधुनिक एवं सतत शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## तरूण मित्र –दि0 26.05.2026

# कमिश्नर एस राजलिंगम ने वीसी पुर्ण बोरा की मौजूदगी में लैंड पूलिंग के लिए किया सम्मानित

## खेती से समृद्धि तक लैंड पूलिंग से बदल रही वाराणसी के विकास की तस्वीर

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण (VDA) द्वारा आनंद काशी (कल्लीपुर), रुद्र विहार (मढ़नी) एवं स्पोर्ट्स सिटी (गंजारी) जैसी महत्वाकांक्षी टाउनशिप परियोजनाओं के विकास हेतु भूमि पूलिंग नीति को अपनाया गया है। यह नीति किसानों को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाकर शहर के सुनियोजित विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।भूमि पूलिंग नीति के अंतर्गत 10 एकड़ से कम भूमि देने वाले किसानों को विकसित भूमि का 30 प्रतिशत तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि देने वाले किसानों को विकसित भूमि का 50 प्रतिशत वापस किया जाता है। प्रारंभिक चरण में किसानों में इस नीति को लेकर कुछ संकोच था, लेकिन समय के साथ इसके लाभ समझने के बाद अब बड़ी संख्या में किसान इससे जुड़ रहे हैं। यह नीति भूमि अधिग्रहण के बजाय किसानों को विकास का भागीदार बनाती है, जिससे सरकार और किसानों दोनों के लिए विन-विन स्थिति बनती है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि किसानों की भूमि का भू-उपयोग स्वत: कृषि से आवासीय में परिवर्तित हो जाता है, जिससे उनकी भूमि का मूल्य कई गुना बढ़ जाता है। विकसित भूखंड की कीमत मूल कृषि भूमि की तुलना में कहीं अधिक हो जाती है।



कमिश्नर एस राजलिंगम भूमि पुलिंग योगदान देने वाले प्रतीक जैन को सम्मानित करते हुए। वीडीए वीसी पुर्ण बोरा रहे मौजूद

भूमि पूलिंग नीति के माध्यम से भूमि अधिग्रहण संबंधी विवादों में कमी आएगी तथा किसानों को उनकी भूमि का दीर्घकालिक और अधिक लाभकारी मूल्य प्राप्त होगा। विकसित क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी, विद्युत, पार्क एवं अन्य आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। यह मॉडल किसानों को केवल मुआवजा प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि शहर के विकास का भागीदार बनाता है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार, व्यापार एवं निवेश के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। VDA द्वारा अपनाई गई यह नीति वाराणसी के सुनियोजित, आधुनिक एवं सतत शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अब तक VD के साथ लगभग 65 किसानों द्वारा 45 एकड़ भूमि की पूलिंग की जा चुकी है, जो एक सकारात्मक संकेत है। लगातार अधिक किसान भूमि पूलिंग के लिए आगे आ रहे हैं। भूमि पूलिंग के अंतर्गत वीडीए किसानों के साथ पंजीकृत समझौता करता है, जिसके आधार पर आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित करने एवं भू-उपयोग परिवर्तन के बाद विकसित भूमि किसानों को वापस की जाती है। कल्लीपुर स्थित आनंद काशी परियोजना में अब तक 32 किसानों द्वारा लगभग 27 एकड़ भूमि की पूलिंग की जा चुकी है। वहीं मढ़नी स्थित रुद्र विहार टाउनशिप में लगभग 33 किसानों द्वारा 18 एकड़ भूमि की पूलिंग की गई है। कल्लीपुर में सबसे बड़ा भूमि पूलिंग योगदान प्रतीक जैन द्वारा किया गया है, जिन्होंने 10 एकड़ से अधिक भूमि पूलिंग के अंतर्गत दी है। इस सराहनीय पहल के लिए वाराणसी के मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा, वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की उपस्थिति में प्रतीक जैन को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।अब तक वीडीए द्वारा कल्लीपुर क्षेत्र में लगभग संपूर्ण भूमि क्रय प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा मढ़नी क्षेत्र में भी अधिकांश भूमि का क्रय कार्य पूरा किया जा चुका है। कुल मिलाकर 300 एकड़ से अधिक भूमि परियोजनाओं हेतु सुनिश्चित की जा चुकी है। वर्तमान में परियोजनाओं के लिए RERA पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। RERA पंजीकरण पूर्ण होते ही इन टाउनशिप परियोजनाओं को आम जनता के लिए खोला जाएगा।

आई नेक्स्ट –दि0 26.05.2026

## पढ़ने वाले को आर्थिक मदद देगा वीडीए

इवेंट के दौरान युवा आईएएस पूर्ण बोरा स्टूडेंट्स के बीच सेंटर ऑफ अट्रैक्शन रहे. उन्होंने अपनी सक्सेस जर्नी को स्टूडेंट्स के साथ शेयर करते हुए उन्हें मोटीवेट किया. मेहनत और लगन से पढ़ाई करते चले गए तो वो टारगेट हर हाल में हासिल होगा, जो आपको चाहते हो. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के मंच से आईएएस पूर्ण बोरा ने कहा कि पैसा कभी पढ़ाई में बाधक नहीं बनेगी. अगर कोई बच्चा आर्थिक रूप से कमजोर है तो उसकी मदद वीडीए करेगा. इसके लिए आर्थिक रूप से गरीब बच्चे के पेरेंट्स मुझसे आकर मेरे आफिस में मिले सकते हैं, हर संभव सहयोग किया जाएगा.

